संत ज़ेवियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दिल्ली - 54

कक्षा–8 पूर्व वार्षिक परीक्षा – 2017-18 पूर्णांक–40

दिनाँक–15.12.2017 हिन्दी समय–1½ घंटा

निर्देश – 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड 'क' और 'ख' अलग–अलग कीजिए।

खंड 'क'

1. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। (1x10=10)

क. बिजली, पृथ्वी (एक–एक पर्यायवाची शब्द लिखिए)

ख. दुर्जन, भक्षक (विलोम शब्द लिखिए)

ग. 'भर' उपसर्ग से एक नया शब्द बनाइए।

घ. 'गर' प्रत्यय से एक नया शब्द बनाइए।

ड. 'नीलगाय' समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

च. 'चार राहों का समूह' के समास का नाम लिखकर समस्तपद लिखिए।

छ. 'छाती पर साँप लोटना'

ज. 'नमक मिर्च लगाना'

झ. 'बगल में छुरी मुँह में राम'

ञ. 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'

(छ–ञ) मुहावरों व लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

2. दिल्ली में फैले वायु प्रदूषण के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए व रोकथाम के लिए सुझाव देते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री का पत्र लिखिए। (5)

अथवा

छात्रों में बढ़ती अनुशासनहीनता की प्रवृत्ति के संबंध में किसी समाचार–पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

क. प्रातः कालीन सैर

ख. एकता

ग. वर्षा का एक दिन

खंड 'ख'

4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''या तो बच्चा–राज कायम कर लो या मुझे ही रख लो। नहीं तो मैं चली मायके।'' अम्मा ने चुनौती दे दी। और अब्बा ने सबको कतार में खड़ा करके पूरी बटालियन का कोर्ट मार्शल कर दिया। ''अगर किसी बच्चे ने घर की किसी चीज़ को हाथ लगाया तो बस, रात का खाना बंद हो जाएगा।'' ये लीजिए! इन्हें तो किसी करवट शांति नहीं। हम लोगों ने भी निश्चय कर लिया कि अब चाहे कुछ भी हो जाए, हिलकर पानी भी नहीं पिएँगे।

क. पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (1)

ख. भाषा–शैली (साहित्यिक विशेषताएँ) की कोई चार विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। (2)

ग. क्या बच्चों द्वारा लिया गया निर्णय सही था कि अब चाहे कुछ भी हो जाए, हिलकर पानी भी नहीं पिएँगे? कारण बताइए। (2)

Contd…..2.

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
ऐसे बेहाल बिवाइन सों, पग कंटक जाल लगे पुनि जोए।
हाय! महादुख पायो सखा, तुम आए इतै न कितै दिन खोए।।
देखि सुदामा की दीन दसा, करूना करिकै करूना निधि रोए।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।।
क. कवि और कविता का नाम लिखिए। (1)
ख. काव्य सौंदर्य की किन्हीं चार विशेषताओं को उदाहरण सहित लिखिए। (2)
ग. सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए। (2)

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। (2x4=8)
क. बड़े होते बच्चे किस प्रकार माता–पिता के सहयोगी हो सकते हैं और किस प्रकार भार? कामचोर कहानी के आधार पर अपने विचार लिखिए।
ख. पहली बोलती फिल्म कौन–सी थी, वह कब प्रदर्शित हुई तथा उसके पोस्टरों पर कौन से वाक्य छापे गए थे? स्पष्ट कीजिए।
ग. गरीब सुदामा के जीवन में क्या–क्या परिवर्तन आए उन्हें अपने शब्दों में लिखिए?
घ. क्रांतिकारी सूर्यसेन को कब और क्यों फाँसी दी गई? अपने शब्दों में लिखिए।

7. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए। (½ x4=2)
क. दुपटी ख. संवाद
ग. तनख्वाह घ. घमासान

*****